प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 35 और राष्ट्रीय जनता दल ने छह उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।
2. भारतीय जनता पार्टी ने झामुमो पर लगाया परिजनों को टिकट देकर वंशवाद बढ़ाने का आरोप।
3. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के आरोपों को किया खारिज, इंडी गठबंधन के 60 से अधिक विधायकों के जीतने का दावा।
4. मौसम विभाग ने ओडिशा में आने वाले चक्रवात डाना के कारण रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों में आज से 25 अक्टूबर तक तेज हवा के साथ बारिश की जताई संभावना।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा–जेएमएम और राष्ट्रीय जनता दल–आरजेडी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 35 और राष्ट्रीय जनता दल ने 6 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन बरहेट सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को नाला निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया गया है। कल्पना सोरेन गांडेय सीट से चुनाव लड़ेंगी। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रमुख संजय कुमार सिंह यादव को हुसैनाबाद निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया गया है। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान देवघर सीट से चुनाव लड़ेंगे। हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल के मंत्री सत्याननंद भोक्ता को इस बार टिकट नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल ने चतरा निर्वाचन क्षेत्र से सत्यानंद भोक्ता की बहु को टिकट दिया है। इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारा फॉर्मूले में 70 सीटें झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को दी गई हैं, जबकि 11 सीटें राष्ट्रीय जनता दल और मार्क्सवादी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को दी गई हैं। कांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा जारी किए गए प्रत्याशियों की सूची पर प्रदेश भाजपा ने कटाक्ष करते हुए इसे परिवारवाद को बढ़ावा देने वाला बताया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी, अपने भाई और अपने रिश्तेदार को टिकट दिया है, जो वंशवाद है।

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि पार्टी की ओर से जारी प्रत्याशियों की यह सूची काफी संतुलित है।

****************

मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। ईचागढ़ विधानसभा से पार्टी की उम्मीदवार सबिता महतो के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में जब से झामुमो गठबंधन की सरकार बनी, तब से ही विपक्ष ने परेशान करना शुरू कर दिया और साजिश के तहत उन्हें जेल भेजा गया।

इधर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सोरेन ने पांच लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन इनके सभी झूठे वादों की पोल खुल गई है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का सिर्फ झांसा दिया।

****************

सिमडेगा जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता जागरूकता के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं।

****************

राज्य के छह जिलों में 19 नए निजी एफएम रेडियो चैनल खुलेंगे। इसके तहत धनबाद में चार और बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू तथा देवघर में तीन–तीन एफएम चैनल खोले जाएंगे। इ–ऑक्शन के जरिए इन स्टेशनों को चालू किया जाएगा। इ–ऑक्शन की शुरुआत 14 अक्टूबर से हो चुकी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों ने झारखण्ड चैंबर के सदस्यों के साथ हुई बैठक में इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नए एफएम चैनल खुलने से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

****************

भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए नई ग्राहक–केन्द्रित सेवाएं शुरू की हैं। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 4जी की शुरूआत के बाद से बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या पिछले छह महीने में 75 लाख से बढकर एक करोड़ 80 लाख हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बीएसएनएल का नया शुभंकर शक्ति, विश्वास और सुगमता का प्रतीक है।

****************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में आज से चक्रवात डाना का असर दिख सकता है। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि ओडिशा में आने वाले इस चक्रवात के कारण रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत  राज्य के कई हिस्सों में आज से 25 अक्टूबर तक तेज हवा के साथ भारी बारिश होने की संभावना है, जिसे लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कहीं–कहीं गर्जन और वज्रपात होने की भी आशंका है। श्री आनंद ने बताया कि हवा की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है।

तूफान के कारण रेलवे ने नयी दिल्ली – भुवनेश्वर राजधानी वाया मूरी, हटिया–पूरी तपस्विनी, भुवनेश्वर–धनबाद गरीब रथ एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनों को आज से 25 अक्टूबर तक के लिए रद्द कर दिया है।

****************